स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए पहली बार उद्यमोत्सव-2025 का होगा आयोजन

प्रवेंद्र सिंह सिकरवार ● जागरण

16 जगहों पर देशभर में एक साथ होगा यह आयोजन, निवेशक तय करेंगे फंड

नोएडा: स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए पहली बार उद्यमोत्सव-2025 का आयोजन शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) की ओर से किया जा रहा है।

देशभर में 16 जगहों पर यह आयोजन एक साथ होगा। इसमें करीब 350 स्टार्टअप के माडल छात्र और फैकल्टी करीब 100 निवेशकों को पेश करेंगे। स्टार्टअप को दिया जाने वाला फंड भी निवेशक तय करेंगे। एआइसीटीइ और मंत्रालय की इनोवेशन सेल स्टार्टअप और निवेशकों के फंड के बीच में मध्यस्थता का कार्य करेगी। देश के अलग-अलग विवि, कालेज के छात्र व फैकल्टी के करीब 3050 हजार स्टार्टअप में से एक 350 उद्यमोत्सव-2024 के लिए चुने गए हैं। इन स्टार्टअप में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करना, खेती की नई तकनीक व कम लागत में अधिक पैदावार, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, ड्रोण तकनीक को और बेहतर करने समेत कई नवाचारों को प्रदर्शित किया जाएगा। एआइसीटीइ व नवाचार सेल की ओर करीब कई निवेशकों से बात कर इनमें से करीब 100 को चुना है। एक स्टार्टअप को निवेशकों के सामने प्रदर्शित करने को छात्र व फैकल्टी को करीब 10 से 15 मिनट का समय मिलेगा। आइडिया व नवाचार को बताने संग छात्र और फैकल्टी इसमें अनुमानित फंड के बारे में भी अवगत कराएंगे। आखिर में कितने फंड पर सहमति बनती है यह निवेशक तय करेंगे। उद्यमोत्सव-2025 की मेजबानी नोएडा में सेक्टर-125 स्थित एमिटी विवि भी करेगा।

> उद्यमोत्सव-2025 पहली बार आयोजित किया जा रहा है। निवेशक स्टार्टअप का फंड तय करेंगे। इन स्टार्टअप से स्वास्थ्य, एआइ, खेती समेत कई चीजें सुगम हो सकती हैं। स्टार्टअप को निवेशकों के सामने प्रदर्शित करने के लिए 10 से 15 मिनट का वक्त मिलेगा। -**डा. अभय जेरे**, सीआइओ, इनोवेशन सेल शिक्षा मंत्रालय

एमिटी में 35 स्टार्टअप छात्र और फैकल्टी निवेशकों को करेंगे पेश

जासं, नोएडा: राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) के संयुक्त उद्यमोत्सव-2025 की मेजबानी सेक्टर-125 स्थित एमिटी यूनिवर्सिटी करेगा। मंगलवार को प्रेस क्रान्फ्रेंस के दौरान एमिटी विवि प्रबंधन की ओर से यहा जानकारी दी गई। बृहस्पतिवार को एआइसीटीई और शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल के अधिकारी इसका उद्घाटन करेंगे। यहां पर आठ निवेशकों को 35 स्टार्टअप छात्र और फैकल्टी पेश करेंगे। एसीआर में नोएडा का एमिटी विवि इसकी मेजबानी के लिए चुना गया है। एमिटी विवि यूपी की वाइस चांसलर डा. बलविंदर शुक्ला ने कहा यह छात्रों के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए सरकार की एक बड़ी पहल है। एमिटी इनोवेशन एंड डिजाइन सेंटर की निदेशक डा. सुजाता ने कहा कि निवेशक मंत्रालय द्वारा दिए गए हैं। स्टार्टअप को फंड की मंजूरी मिलने पर छात्र और फैकल्टी विवि के संसाधन उपयोग कर सकेंगे। दिन के दौरान दो पिचिंग सत्र होंगे, जिसमें 35 स्टार्टअप को दो टीमों में विभाजित किया जाएगा।

एमिटी विश्वविद्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में जानकारी देतीं कुलपति प्रो. डा. बलविंदर शुक्ला। साथ में मौजूद डा. सुजाता पांडेय, डा. बीके मूर्ति व सविता मेहता ● जागरण

****